प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.03.2026 समय : 18.30 पीएम

00000

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कृषि–खाद्य प्रणालियों में काम कर रही महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया हैं
- प्रदेश में आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए आज लॉटरी निकाली गई–पहले चरण के स्कूल आंवटन 17 मार्च को होंगें
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगें
- राज्य में मार्च के महीने में ही पारा सामान्य से 5 से 7 डिग्री सेल्सियस ऊपर पंहुचा–अधिकांश स्थानों पर दिन का तापमान 35 से 40 डिग्री के बीच बना हुआ हैं

000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कृषि–खाद्य प्रणालियों में काम कर रही महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया हैं राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में कृषि–खाद्य प्रणाली 2026 में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर ये बात कहीं राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने महिला नेतृत्व वाली विकास रणनीति अपनाई हैं राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि क्षेत्र में सभी स्तरों पर महिलाओं की अधिक भागीदारी से कृषि विकास को बढ़ावा मिलेगां

......

तीन दिन का ये सम्मेलन गहन तकनीकी सत्रों की एक श्रृंखला पर आधारित हैं इसमें कई विशेष मंच भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिला किसान मंच और युवा मंच शामिल हैं

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि उन्होंने हमेशा सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के अनुसार संचालित करने का प्रयास किया हैं विपक्ष द्वारा उनके निष्कासन की मांग वाले प्रस्ताव पर बयान देते हुए श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने सभी के साथ सहयोग और सद्भाव बनाए रखते हुए व्यवस्था और दक्षता कायम रखकर अपनी जिम्मेदारी पूरी की हैं लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने हमेशा सदन की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा को लगातार बनाए रखने और सभी सदस्यों को पर्याप्त अवसर देने का प्रयास किया हैं

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के वास्ते लगातार काम कर रही हैं वे आज भारतीय उद्योग परिसंघ सीआईआई राजस्थान के वार्षिक सत्र को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य के साथ प्रदेश के समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा हैं श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश करने वाले उद्यमियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगीं उन्होंने युवाओं से स्टार्टअप और स्वरोजगार के माध्यम से अन्य लोगों को रोजगार देने वाला बनने की अपील कीं

.....

कार्यक्रम में श्री शर्मा ने युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के नियुक्ति पत्र तथा महिलाओं को उद्यमिता के लिए वाउचर पत्र भी सौंपें मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज ही मुख्यमंत्री कार्यालय में केन्द्रीय सहायता प्राप्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी कीं उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की तुरंत और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिएं

0000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज पाली में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से शिक्षा का अधिकार आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए राज्यस्तरीय लॉटरी निकालीं इसके जरिये प्रदेशभर के निजी स्कूलों में पच्चीस प्रतिशत निःशुल्क सीटों पर विद्यार्थियों का चयन किया गया हैं इस अवसर पर शिक्षामंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर बच्चे तक समान अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पंहुचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं श्री दिलावर ने कहा कि लॉटरी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी गई हैं चयनित विद्यार्थियों की सूची संबंधित पोर्टल पर देखी जा सकती हैं गौरतलब है कि इस बार 6 लाख 25 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया थां प्राप्त आवेदनों के आधार पर लॉटरी

के माध्यम से विद्यार्थियों के प्राथमिकता का क्रम तय किया गया हैं अभिभावक 16 मार्च तक विद्यालय चयन क्रम में परिवर्तन कर सकते हैं इसके बाद 17 मार्च को पहले चरण का विद्यालय आंवटन किया जायेगां वहीं 7 अप्रैल को दूसरे चरण के आंवटन होंगें

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल असम के गुवाहाटी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगें ये किस्त देशभर के 9 करोड़ 32 लाख लाभार्थी किसानों के खातों में हस्तांतरित की जायेगीं केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस दौरान 18 हजार 640 करोड़ रूपये प्रदान किये जायेंगें उन्होंने बताया कि योजना के तहत अब तक किसानों को 4 लाख 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी हैं उन्होंने किसानों के लिए शुरू किये गये एआई–आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म, भारत विस्तार का जिक्र करते हुए कहा कि इससे किसानों को उनकी अपनी भाषाओं में फोन कॉल के माध्यम से जानकारी दी जाएगीं

00000

प्रदेश में रसोई गैस की कमी के संबंध में आशंकाए और अफवाहे दूर करने के लिए सभी जिलों में प्रशासन की ओर से गैस आपूर्ति व्यवस्थाओं पर निगरानी रखी जा रही हैं जिला कलेक्टर गैस टर्मिनलों पर जाकर व्यवस्थाओं और सुरक्षा प्रबंधों का जायजा ले रहे हैं साथ ही जिलों में एलपीजी आपूर्ति की लगातार निगरानी के लिए कन्ट्रोल रूम बनाये गये हैं पाली जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि जिले में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं हैं

.....

इससे पहले कल मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति प्रक्रिया की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिये राज्य और जिला स्तर पर निगरानी समितियां बनाने के निर्देश दिए थें सभी जिलाधिकारियों को पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण के संबंध में आई शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया हैं वहीं हेल्पलाइन नंबर 181 और 14435 पर भी इस संबंध में शिकायत दर्ज की जा सकती हैं

0000

इस बीच इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने आश्वासन दिया है कि देशभर में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति बनी हुई हैं सोशल मीडिया पोस्ट में कंपनी ने कहा कि देशभर में उसके पेट्रोल पंप पूरी तरह चालू हैं और पेट्रोल, डीजल तथा अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं कंपनी ने ग्राहकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ नहीं लगाने की अपील की हैं

000

प्रदेश में मार्च के महीने में ही तापमान सामान्य से 5 से 7 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा हैं मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों पर दिन का तापमान 35 से 40 डिग्री के बीच बना हुआ हैं कई स्थानों पर गर्म हवायें भी चल रही हैं पिछले 24 घंटों में 40 दशमलव 8 डिग्री के साथ बाडमेर सबसे अधिक गर्म स्थान रहां गर्मी से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई हैं दिन के समय बाजारों में रौनक कम रहने लगी हैं लोग तीखी धूप से बचने के उपाय कर रहे हैं मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों तक मौसम शुष्क रहने और तापमान में मामूली गिरावट की संभावना व्यक्त की हैं 14 और 15 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कहीं–कहीं हल्की बरसात हो सकती हैं इस बीच विभाग ने लोगों के लिये गर्मी से बचाव का परामर्श जारी किया हैं पेय पदार्थो का अधिक सेवन करने को कहा गया हैं साथ ही किसानों को खेतों में सुबह शाम सिंचाई करने और मवेशियों के लिए विशेष व्यवस्था करने की सलाह दी गई हैं

0000

दांडी यात्रा दिवस के अवसर पर आज दांडी मार्च में भाग लेने वाले सत्याग्रहियों को नमन किया जा रहा हैं आज ही के दिन महात्मा गांधी ने वर्ष 1930 में साबरमती से दांडी तक पैदल यात्रा कर नमक कानून को तोडा थां दांडी यात्रा से बापू ने संदेश दिया कि संकल्प की शक्ति सबसे बडी होती हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में दांडी मार्च में भाग लेने वाले सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की हैं प्रदेश में दांडी यात्रा दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गयें कोटा में केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से राजकीय महाविद्यालय में

जागरूकता कार्यक्रम रखा गयां कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दांडी मार्च की पृष्ठभूमि और उसके प्रभाव की जानकारी दी गईं पाली में इस अवसर पर गांधी सर्किल से सांइस पार्क तक शांति मार्च पदयात्रा निकाली गई और संगोष्ठी आयोजित की गईं

0000

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल 2026 टूर्नामेंट के पहले चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया हैं यह चरण 28 मार्च से 12 अप्रैल 2026 तक चलेगां टूर्नामेंट के इस चरण में 10 स्थानों – बेंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद में कुल 20 मैच खेले जाएंगें बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच के साथ इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगीं

00000